This Question Paper consists of **17** questions and **5** printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न तथा **5** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Roll No.**
**अनुक्रमांक**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

**Code No. 71/SS/332/A**
**कोड नं.**

**SET/सेट- A**

# PAINTING (Theory)
# चित्रकला (सैद्धान्तिक)
# (332)

**Day and Date of Examination :** ______________________
**(परीक्षा का दिन व दिनांक)**

**Signature of Invigilators :** **1.** ______________________
**(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)**
**2.** ______________________

*General Instructions :*

**1.** Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.

**2.** Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.

**3.** Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.

**4.** Write your Question Paper Code No. **71/SS/332**, **Set - A** on the Answer-Book.

**5.** (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

(b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

***सामान्य अनुदेश :***

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

**4.** अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं. **71/SS/332**, सेट - **A** लिखें।

**5.** (क) प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी / हिंदी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बाँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

# चित्रकला (सैद्धान्तिक)

# (332)

**समय : 2 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 40**

**निर्देश :** (i) इस प्रश्नपत्र में कुल 17 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए है।

(iv) **खण्ड – क** में समिल हैं

प्रश्न संख्या **1** से **8** – बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, और प्रत्येक **1** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखना हैं।

(v) **खण्ड – ख** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या **09** से **11**.

(a) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(b) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(c) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) **खण्ड – ग** में विषयनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या **12** से **17**

(a) प्रश्न संख्या **12** से **14** – अति लघु-उत्तरीय प्रकार के **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर **30** से **40** शब्दों में दिए जाने चाहिए। इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(b) प्रश्न संख्या **15** लघु-उत्तरीय प्रकार का **चार** अंकों का प्रश्न है। इस प्रश्न का उत्तर **70** से **80** शब्दों में दिए जाने चाहिए। इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(c) प्रश्न संख्या **16** से **17** दीर्घ उत्तरीय प्रकार का **पाँच** अंकों का प्रश्न हैं। इस प्रश्न का उत्तर **90** से **100** शब्दों में दिया जाना चाहिए। इनमें आंतरिक विकल्प दिया गया है।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में **02.15** बजे किया जाएगा। **02.15** बजे से **02.30** बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – क

नीचे दिए गए प्रश्नों के **सही** उत्तर चुनिए।

**1.** बौद्ध पाठ का सबसे पुरातन लघुचित्र कला का उदाहरण किससे प्राप्त होता है ? **1**

(A) अष्टसहस्रिका प्रज्ञापिरमिता (B) पंचरक्ष तारा

(C) कल्पसूत्र (D) ताडी रागिणी

**2.** कल्पसूत्र का लेखक कौन थे ? **1**

(A) गुरू नानक (B) भद्रबाहु (C) वाल्मीकि (D) वेद व्यास

**3.** बाघ गुफाएँ भारत के किस राज्य में स्थित है ? **1**

(A) बिहार (B) असम

(C) मध्य प्रदेश (D) पश्चिम बगांल

**4.** हड़प्पा के बरतन किस माध्यम से बनाए जाते थे ? **1**

(A) पत्थर (B) पीतल (C) मिट्टी (D) लकड़ी

**5.** अजंता में चित्रकला का माध्यम क्या था ? **1**

(A) तेल रंग (B) फ्रेसको, टेम्पारा

(C) जल रंग (D) इनमें से कोई नहीं

**6.** कल्पसूत्र का आकार क्या है ? **1**

(A) $10'' \times 8''$ (B) $20\ \text{cm} \times 10\ \text{cm}$

(C) $12'' \times 12''$ (D) $22\ \text{cm} \times 8\ \text{cm}$

**7.** कांगरा कला का केंन्द्रीय विषय क्या है ? **1**

(A) आनन्द (B) डर

(C) प्यार (D) क्रोध

**8.** ''कृष्ण एक साथी के साथ'' चित्र का काल लिखिए। **1**

(A) 1560 – 70 CE (B) 1660 – 70 CE

(C) 1760 – 70 CE (D) 1765 – 70 CE

## खण्ड – ख

**9.** **गद्यांश को पढिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**गद्यांश – 1 : मिर्ज़ापुर शैल चित्रकला**

मिर्ज़ापुर शहर से मात्र 20 किलोमीटर दूर, सोन नदी की घाटी में कैमूर पहाड़ियों पर कुछ गुफाएँ हैं। इन गुफाओं को लिखुनिया, भलदारिया आदि नामों से जाना जाता है। इन गुफाओं की कुंडलियों और दीवारें आदिमानव द्वारा चित्रित की गई थी। कम से कम 250 शैलाश्रय हैं, जो विभिन्न विषयों पर शैल कला से अलंकृत है। इन चित्रों में हाथी, सूअर और यहाँ तक कि बाघ जैसे जानवरों की कई प्रजातियाँ दिखाई देती हैं। जंगली जानवारों के साथ साथ पालतू जानवारों को भी चित्रित किया गया था।

(i) ___________ नदी की घाटी में ___________ पहाड़ियों पर कुछ गुफाएँ हैं। **1**

(ii) कैमूर पहाडियाँ मिर्ज़ापुर से ___________ किलोमीटर दूर है। **1**

(iii) इन गुफाओं को ___________, ___________ नामो से जाना जात है। **1**

(iv) मिर्ज़ापुर शैल चित्र अनेक प्रजातियों की जानवारों को जैसे ___________ सूअर यहाँ तक कि ___________ को दर्शाता है। **1**

**10.** **गद्यांश को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**गद्यांश – 2 : उद्यौगिक बरतनों पर जानवर रूप**

सिंधु घाटी के बरतनों पर बाघ, सांढ़, मृग, साँप और मछलियों की चित्रित आकृतियाँ आमतौर पर पाई जाती हैं। शिकार के दृश्यों में कब्रिस्तान से मिले एक बर्तन पर मृग को एक बस्तर के साथ दिखाया गया है। सिंधु घाटी के मिट्टि के बरतन चमकीले और गहरे लाल या हलके पीले रंग के होते हैं। ये मज़बूत और अच्छी तरह पके हुए होते हैं। लगभग सभी मिट्टी के बरतनों की सतह पर काली पट्टियाँ चित्रित की गई है। विभिन्न आकार और आकृति के बरतन गोल आकार में बनाए गए है। सिंधु घाटी में बरतनों का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता था, जैसे खाना पकाने, परोसने, भंडारण और दफनाने के लिए अधिकांश चित्रित-आकृतियाँ मिट्टी के बरतनों के रुप में इस्तमाल की जाती थी क्योंकि खाना पकाने के बरतन खनिज रंगों का धारण खराब हो जाता था।

(i) सिंधु घाटी के बरतनों का पर बैल, बाघ, ___________ साँप और ___________ की चित्रित आकृतियाँ पाई जाती हैं। **1**

(ii) सिंधु घाटी के मिट्टी के बरतन ___________ और गहरा लाल या पीले रंग के होते थे। ये मज़बूत और ___________ होते थे। **1**

(iii) लगभग सभी मिट्टी के बरतनों की ___________ पर काली पट्टियाँ चित्रित की गई हैं। **1**

(iv) सिंधु घाटी में बरतनों का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता था। जैसे खाना पकाना, _________, भंडारण और _________ इत्यादि। **1**

**11.** **गद्यांश को पढिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**गद्यांश – 3 : एम एफ हुसैन (समसामयिक कला और कलाकार)**

एम. एफ. हुसैन, या मकबूल फिदा हुसैन, का जन्म 17 सितंबर 1915 को महाराष्ट्र के पंढरपुर गाँव में हुआ था। वे भारत के सबसे प्रसिद्ध कलाकारों में से एक हैं और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हैं। वे 1935 में बंबई चले गए। उन्होंने सिनेमा होर्डिंग के चित्रकार के रुप में अपना चित्रकला करियर शुरु किया। 1940 में उन्हें कुछ पहचान मिली। 1947 में, वे ''प्रोग्रेसिव आर्टिस्ट ग्रुफ'' में शामिल हो गए।

(i) एम. एफ. हुसैन या ___________ का जन्म 17 सितंबर 1915 को महाराष्ट्र के एक ___________ में हुआ था। **1**

(ii) ___________ में वे ___________ चले गए। **1**

(iii) उन्होंने __________ के चित्रकार के रूप में अपना करीयर शुरू किया। **1**

(iv) ___________ में वे ___________ आर्टिस्ट ग्रुप में शामिल हो गए। **1**

## खण्ड – ग

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (न्यूनतम 30 - 40 शब्दों में)

**12.** भीमबेटका कहाँ स्थित है ? वहाँ की शैल चित्रकला में सामान्यतः कौन से विषय चित्रित किए गए हैं? **2**

**13.** ज्यामितीय मछली आकृति वाले सर्विंग पॉट के बारे में संक्षिप्त विवरण दें। **2**

**14.** रागमाला श्रृंखला की किसी एक चित्र के बारे में लिखिए। **2**

**या**

वारली चित्रकला के मुख्य रूपांकनों के बारे में लिखिए।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें। (कम से कम 70 - 80 शब्दों में)

**15.** अबनीन्द्रनाथ टैगोर पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। **4**

**या**

कालीघाट चित्रकला की मुख्य विशेषताओं और विषयों का वर्णन करें।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दे (कम से कम 90 - 100 शब्दों में)

**16.** कंपनी स्कूल ऑफ पेन्टिंग की मुख्य विशेषताओं का वर्णन करें। **5**

**या**

राजा रवि वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ? राजा रवि वर्मा की चित्रकला पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

**17.** पटना, कंपनी स्कूल की चित्र ''बाजार दृश्य'' पर एक संक्षिप्त लेख लिखें। **5**

**या**

अजंता की चित्र ''राजकुमार और राजकुमारियों'' पर संक्षिप्त में लिखो।

**- o O o -**